वर्ष-9 अंक 06 30 सितम्बर से 06 अक्टूबर 2024 तक

पृष्ठ-12 MPHIN/2015/63623

# न्यूज क्राइम फाइल

ग्वालियर, भिंड, मुरैना, छतरपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, सिवनी, जबलपुर, रीवा, सतना, होशंगाबाद, हरदा एवं इंदौर में प्रसारित।

आमंत्रण मुल्य 15/-



# कालाबाजारी करने वालों की खैर नहीं: मोहन



## कालाबाजारी करने वालों से सख्ती से निपटेगी सरकार: मुख्यमंत्री

**उदय प्रताप सिंह चौहान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उर्वरक की मांग बढ़ने पर कालाबाजारी, अवैध भंडारण, नकली उर्वरक निर्माण की संभावना रहती है। पुलिस का सहयोग लेते हुए निरीक्षण और चेकिंग की व्यवस्था को बढ़ाया जाए। कालाबाजारी करने वालों, मिलावट, मिस ब्रांडिंग और नकली उर्वरक खपाने वालों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उर्वरक अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए एक जिले से दूसरे जिले में उर्वरक मूवमेंट पर सतत् निगरानी रखें। कालाबाजारियों और अवैध कारोबारियों के विरूद्ध नियमानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) में भी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से सोयाबीन उपार्जन, खाद उपलब्धता और वितरण की वीडियो-कॉन्फ्रेसिंग में कलेक्टर -कमिश्नर से चर्चा कर उक्त निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खरीफ 2024-25 के लिए प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का प्राइस सपोर्ट स्कीम में मध्यप्रदेश को सोयाबीन उपार्जन की दी गई स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश में उपार्जन के समुचित बेहतर प्रबंध करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में आवश्यकतानुसार डीएपी के स्थान पर एनपीके, लिक्विड नैनो यूरिया के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। किसानों द्वारा इनके उपयोग से देश की अन्य राष्ट्रों पर निर्भरता भी कम होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खरीफ 2024 में एनपीके का उपयोग 45 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताई जो कि वर्ष 2023-24 में मात्र 26 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि राजस्व अमला जनप्रतिनिधियों के साथ फसलों की क्षति आंकलन सुनिश्चित करें। खाद भंडारण के लिए डबल लॉक की आवश्यकता होने पर कृषि उत्पादन आयुक्त से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमानक स्तर का खाद-बीज विक्रय, भंडारण और परिवहन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रबी 2024-25 के लिए खरीफ 2024 के अनुसार ही उर्वरक वितरण के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रबी 2024-25 के लिए भी पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। सभी जिला कलेक्टर बेहतर तैयारी कर लें, वितरण व्यवस्था में कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी के विज़न अनुरूप प्राकृतिक खेती को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाए। एनपीके और लिक्विड नैनो यूरिया के उपयोग के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करें।उन्होंने जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की मालवा क्षेत्र में खाद के 3 रैक और उपलब्ध कराने की मांग के अनुरूप कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खाद के व्यवस्थित वितरण के लिए अधिकारियों को डबल लॉक केन्द्रों पर अतिरिक्त बिक्री काउंटर खोलने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राइस सपोर्ट स्कीम पर सोयाबीन उपार्जन की कार्रवाई संवेदनशीलता से करने को कहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा के अतिरिक्त सोयाबीन का उपार्जन प्रदेश सरकार करेगी। प्रदेश में 25 सितम्बर से ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। अधिक से अधिक किसानों से पोर्टल पर पंजीयन कराया जाए। आगामी 20 अक्टूबर तक किसानों का पंजीयन होगा। इसके बाद उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की कार्रवाई 21 दिसम्बर तक होगी। किसानों से 25 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक सोयाबीन का उपार्जन प्रदेश के 1400 केन्द्रों पर किया जाएगा। आवश्यकतानुसार इसमें परिवर्तन भी किया जा सकता है। किसानों को भुगतान ऑनलाइन किया जाएगा। प्रदेश में 7 जिले दतिया, भिंड, कटनी, मंडला, बालाघाट, सीधी एवं सिंगरौली को छोड़कर शेष सभी जगह सोयाबीन का उपार्जन होगा। इन जिलों से प्रस्ताव आने पर सोयाबीन उपार्जन पर विचार किया जाएगा।

बैठक में सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव परिवहन श्री एस.एन. मिश्रा, अपर मुख्य सचिव कृषि श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री संजय शुक्ला, सचिव एवं आयुक्त कृषि श्री एम. सेल्वेन्द्रन, आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम पी. खाड़े, संचालक कृषि श्री अजय गुप्ता और एमपी मार्कफेड श्री आलोक कुमार सिंह मौजूद थे।

सागर में %रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव% के शुभारंभ एवं विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के लिए सागर पधारें मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव का हेलीपैड पर स्वागत किया।
गोपाल भार्गव -विधायक रहली, पूर्व मंत्री



## आरोपी के कपड़े जब्त

# पुलिस से बोला-बच्ची को अकेला देख नीयत खराब हो गई

भोपाल ब्यूरो

मासूम से ज्यादती के बाद हत्या का आरोपी अतुल भालसे को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तारी से पहले पुलिस से भागने की कोशिश में आरोपी गिर गया था। उसके एक पांव में गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने आरोपी के फ्लैट की एक बार फिर सर्चिंग की है। जहां से घटना के समय उसके द्वारा पहना हुआ लोअर सहित अंडर गार्मेंट्स और एक शर्ट जब्त की गई है। अन्य सामान की जब्ती के लिए पुलिस एक बार फिर उसके फ्लैट में सर्चिंग करेगी। आरोपी की मां बसंती और बहन चंचल को जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद आरोपी किन-किन लोगों के संपर्क में था। क्या घटना की जानकारी उसने किसी अन्य को भी दी थी, इस संबंध में भी उससे पूछताछ की जाएगी। पुलिस घटना का री रीक्रिएशन भी करेगी।

**सूनेपन का उठाया था फायदा**

आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि फागिंग के कारण लोगों ने अपने फ्लैट के गेट बंद कर लिए थे। आम तौर पर मल्टी में भीड़भाड़ रहती है। मंगलवार की दोपहर बच्ची धुएं के कारण बरामदे में अकेली दिखी। यह मौका देख उसकी नीयत खराब हो गई। उसने बच्ची को फ्लैट में खींच लिया। इस समय उसकी मां और बहन दोनों काम पर गई थीं। यहां उसने बच्ची के साथ ज्यादती की। मासूम की तबीयत बिगड़ी तो इससे वह घबरा गया, पहले उसका मुहं दबाया और बाद में गला घोंट दिया।

**मां के लौटते ही बोला था-बच्ची मार दी**

मंगलवार की दोपहर को आरोपी की मां जब काम से लौटी तब उसने पूरा घटनाक्रम मां को बता दिया था। मां ने बहन के आने पर उसे भी मामले की जानकारी दी। बॉडी को ठिकाने लगा पाता इससे पहले ही मल्टी में बच्ची को तलाश करना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में पुलिस भी आ गई। इससे उसे शव को ठिकाने लगाने का मौका नहीं मिला।

**पानी की टंकी में रखा था शव**

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात शव को कपड़े में बांधकर पानी की टंकी में रख दिया। ऐसा करने की बात उसकी मां ने ही कही थी। बाद में पानी की टंकी सहित बॉडी ठिकाने लगाने का प्लान था। लेकिन पुलिस मौके से हटी ही नहीं। मल्टी के चारों और पुलिस बल तैनात रहा।



**मानव तस्करी के एंगल पर भी जांच**

पुलिस का कहना है कि आरोपी की मां बसंती भालसे द्वारा पूर्व में एक बच्चे को अगवा किए जाने की जानकारी मिली है। हालांकि मामला काफी पुराना है। पुलिस इस मामले में उनसे मानव तस्करी के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। मल्टी में आस पास रहने वालों ने बसंती और उसकी बेटी चंचल का आचरण संदिग्ध बताया है। उनके घर अंजान लोगों का भी आना जाना था। पुलिस को इस बात का भी संदेह है कि आरोपी किसी सैक्स रैकेट से भी जुड़े हैं।

**डीजीपी ने प्रदेश पुलिस को क्या आदेश दिए**

डीजीपी सुधीर सक्सेना ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश पुलिस के सभी जिलों में पदस्थ कमिश्नर, आईजी, एएसपी को अहम आदेश दिए हैं। डीजीपी ने आदेश दिया कि पिछले 10 सालों में किसी भी तरह के यौन अपराधों में संलिप्त अपराधियों की जांच होगी। ऐसे लोगों पर पुलिस प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कार्रवाई करेगी। सभी स्कूलों में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का कढ़ाई से पालन कराने के आदेश भी पुलिस कप्तानों को दिए हैं। इसी के साथ डीजीपी ने प्रदेश में होन

# कोचिंग से लौट रहे छात्र से लूट, बाइक सवार बदमाश मोबाइल झपटकर फरार




न्यूज क्राइम फाइल

पिपलानी इलाके में बाइक सवार बदमाश ने सरेराह युवक के हाथ से मोबाइल छीना और भाग निकले। मोबाइल की कीमत करीब 23 हजार रुपए बताई गई है। घटना के समय फरियादी कोचिंग से लौट रहा था। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिपलानी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय सोनू शर्मा राजीव नगर इलाके में रहता है। वह प्राइवेट कॉलेज का छात्र है। रोजाना इंद्रपुरी स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए जाता है। गुरुवार की रात कोचिंग से छूटने के बाद वह अपने घर के लिए निकला था। मुरली टी स्टॉल के पास पहुंचा तभी बाइकसवार बदमाश पीछे से आया तथा सोनू के हाथ से मोबाइल छीन कर भाग निकला। सोनू ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। घटना की तस्दीक करने के बाद पुलिस ने अज्ञात बाइकसवार युवक के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। बदमाश की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख रही है।

राटौर विधान सभा क्षेत्र में उमड़ा यह अपार जन-सिंधु हरियाणा में भाजपा की विजय गाथा लिखने जा रहा है...

योगी आदित्यनाथ- मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश



### ऑटो में पहुंचे थे वारदात करने, एटीएम से चोरी के बाद अय्याशी की थी प्लानिंग

# भोपाल में एटीएम तोड़ने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**न्यूज क्राइम फाइल**

भोपाल के अयोध्या नगर स्थित नरेला शंकरी में बने कैनरा बैंक के एटीएम को तोड़कर चोरी का प्रयास करने वाले नाबालिग सहित 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी ने ऑटो से घूककर रेकी की थी। मौका मिलते ही गेती, रॉड, सब्बल और टामी से एटीम को तोड़ने का प्रयास किया था। चोरी में कामयाब होने पर आरोपियों ने अय्याशी के लिए गोवा जाने का प्लान बनाया था। घटना 21 सितंबर की देर रात की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तीन टीमें आरोपियों की तलाश में लगाई थीं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वारदात के समय उन्हें पुलिस वाहन का सायरन सुनाई दिया था। जिसे सुनते ही मौके से भाग निकले थे।

**ऑटो नंबर के आधार पर आरोपियों तक पहुंची पुलिस**

जांच के दौरान पुलिस ने आस पास लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। इसमें पुलिस को संदेही ऑटो नंबर स्क्र04त्र0508 दिखा। इस ऑटो के सहारे पुलितस आरोपियों तक पहुंची। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह एटीम से चोरी कर जल्द अमीर बनना चाहते थे। इससे मिलने



वाली रकम से सबसे पहले गोवा घूमने का प्लान था।

**इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार**

■नंदलाल सिंह उर्फ गोलू उर्फ अज्जू उर्फ बड़े पिता स्व.राजा सिंह ठाकुर (22) ग्राम बबेरू थाना बिसंडा जिला बांदा, उत्तर प्रदेश में रहता था। बीते दो सालों से भोपाल में रहकर ऑटो चला रहा है और कोचफैक्ट्री इलाके में रहता है। आरोपी ने विधि विरोधी बालक के साथ अंदर घुसकर गैंती, टामी और कटर से मशीन तोड़ने का प्रयास किया था। आरोपी रेलवे के जीएम की गाड़ी भी चलाता था।

■अंकित आर्या उर्फ गप्पे पिता महेश आर्या मिस्त्री (18) निवासी हजीरा ग्वालियर फिलहाल कपड़ा मील की चाल विजय नगर चांदबड थाना स्टेशन बजरिया किराए से रहता है। आरोपी ने भी वारदात के समय नंदलाल और नाबालिग के साथ मिलकर एटीएम में तोड़फोड़ की थी।

■रवि अहिरवार पिता स्व.नारायण अहिरवार (21) निवासी ग्राम रतनपुर थाना सलामतपुर जिला रायसेन फिलहाल नित्य सेवा सदन के सामने विजय नगर चांदबड़ थाना स्टेशन बजरिया में रहता है। घटना के समय आरोपी ने एटीएम से दूर खड़े रहकर निगरानी की। अंदर चोरी करने वालों को कांफ्रेंस कॉल से जानकारी दे रहा था। आरोपी ऑटो चलाता है।

■रोहित पंथी पिता स्व.मोहन पंथी उम्र 25 साल निवासी मऊरानी पुर झांसी उत्तर प्रदेश हाल फिलहाल कपड़ा मील की चाल विजय नगर चांदबड थाना स्टेशन बजरिया भोपाल में किराए से रहता है। वारदात में इस्तेमाल ऑटो आरोपी का था। आरोपियों को साथ लेकर गया था। वारदात के समय महार निगरानी की थी।

■अमन पंथी पिता स्व.मोहन पंथी उम्र 22 साल निवासी मऊरानी पुर झांसी उत्तर प्रदेश हाल फिलहाल कपड़ा मील की चाल विजय नगर चांदबड़ थाना स्टेशन बजरिया भोपाल में रहता है। इसने भी बाहर खड़े होकर निगरानी की थी।

■विधि विरूद्ध बालक , जो अंकित उर्फ गप्पे एवं नंदलाल उर्फ बड़े के साथ एटीएम के अंदर गैंती, टामी, कटर इत्यादि से मशीन तोड रहा था। अंकित के मोबाइल से रवि और रोहित को कान्फ्रेंस काल पर रखकर बाहर आने जाने वाले की जानकारी ले रहा था।

# पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट तारीख बदली

## अब 18 से 20 नवम्बर तक होगी परीक्षा, सीएम ने बारिश के कारण किया बदलाव

**न्यूज क्राइम फाइल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पुलिस आरक्षक भर्ती (जीडी) एवं (रेडियो) वर्ष 2023 के शारीरिक दक्षता परीक्षण (फिजिकल टेस्ट) अब 30 सितम्बर, 1 अक्टूबर और 2 अक्टूबर के बजाय 18 से 20 नवम्बर के बीच होंगे। मुख्यमंत्री यादव ने यह निर्णय प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश के कारण हो रही असुविधा को देखते हुए लिया है। सीएम यादव का कहना है कि फिजिकल टेस्ट अब 18 नवम्बर, 19 नवम्बर और 20 नवम्बर को होंगे। इससे फिजिकल टेस्ट की पात्रता रखने वाले युवाओं को तैयारी के लिए और अधिक समय भी मिल जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह संदेश देते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**7411 पदों के लिए होना है फिजिकल टेस्ट**

7411 रिक्त पदों के लिए यह फिजिकल टेस्ट



होना है। इस टेस्ट में पास होने वाले युवाओं को मेडिकल फिटनेस देने पर नौकरी जॉइन कराई जा सकेगी। यह शारीरिक परीक्षा प्रदेश के 10 जिला मुख्यालयों में कराई जाएगी। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आरक्षक जीडी और आरक्षक रेडियो के पदों के लिए परीक्षा 12 अगस्त 2023 से 12 सितंबर 2023 तक कराई गई थी। इसके बाद 7 मार्च 2023 को परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे।

**800 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक का होगा टेस्ट**

पुलिस भर्ती परीक्षा में फिजिकल टेस्ट की पात्रता हासिल करने वाले उम्मीदवारों से अब पुलिस मुख्यालय द्वारा फिजिकल प्रोफिसिएंसी टेस्ट लिया जाएगा। इसमें लिखित परीक्षा पास करने वालों के दस्तावेजों का परीक्षण कराया जाएगा और 800 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक टेस्ट कराए जाएंगे।

**इन 10 जिलों में होगा पुलिस आरक्षक भर्ती फिजिकल टेस्ट**

भोपाल: मोतीलाल नेहरू स्टेडियम लाल परेड ग्राउंड, जहांगीराबाद

इंदौर: पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी), मूसाखेड़ी

जबलपुर: परेड ग्राउंड 6वीं वाहिनी विसबल, रांझी

ग्वालियर: परेड ग्राउंड 14वीं वाहिनी विसबल, कंपू

उज्जैन: महानंदा एरीना ग्राउंड देवास रोड

सागर: शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, बहेरिया सागर

रीवा: परेड ग्राउंड 9वीं वाहिनी विसबल

बालाघाट: फुटबाल-हॉकी ग्राउंड 36वीं वाहिनी विसबल

रतलाम: भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बस स्टैंड के पास जावरा

मुरैना: परेड ग्राउंड 5वीं वाहिनी विसबल

आज 28 सितंबर है, साल 2016 में आज की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी... भारत ने दुनिया को बता दिया था कि ये नया भारत है...तो मोदी पाताल में भी उन्हें खोज निकालेगा।
प्रदेश अध्यक्ष - भाजपा मध्यप्रदेश




आलेख

# 'मेक इन इंडिया' पहल के 10 साल पूरे हुए!

लेखक, नरेंद्र मोदी

आज आप में से प्रत्येक का अभिनंदन करने का शानदार अवसर है जिन्होंने इस पहल को अत्यंत सफल बनाया है। आप में से प्रत्येक व्यक्ति अग्रणी, दूरदर्शी और अन्वेषक है जिनके अथक प्रयासों से ही 'मेक इन इंडिया' की सफलता सुनिश्चित हुई है, और इस तरह से हमारा देश वैश्विक आकर्षण एवं जिज्ञासा का केंद्र बन गया है। इस अथक सामूहिक प्रयास से ही एक सपने ने एक अत्यंत प्रभावशाली आंदोलन या मुहिम का रूप ले लिया है। यह एक ऐसा अहम प्रयास था जो दस साल पहले इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था– विनिर्माण में भारत की प्रगति को और तेज करना, और इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि हमारा जैसा प्रतिभाशाली राष्ट्र केवल आयातक ही नहीं, बल्कि निर्यातक भी बने। पिछले एक दशक पर विचार करते समय मैं इस बात पर गर्व महसूस किए बिना नहीं रह सकता कि 140 करोड़ भारतीयों की अपार क्षमता और कौशल ने हमें कितना आगे बढ़ा दिया है। 'मेक इन इंडिया' की छाप सभी क्षेत्रों में दिखाई देने लगी है जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जिनमें हमने अपनी अमिट छाप छोड़ने का सपना कभी भी नहीं देखा था।





**मैं यहां एक-दो उदाहरण प्रस्तुत करता हूं।**

मोबाइल का विनिर्माण... हम सभी यह जानते हैं कि मोबाइल फोन अब कितने अहम हो गए हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2014 में हमारे यहां पूरे देश में केवल दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं। आज यह संख्या बढ़कर 200 से भी अधिक हो गई है। हमारे देश से मोबाइल निर्यात मात्र 1,556 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 1.2 लाख करोड़ रुपये के आश्चर्यजनक आंकड़े को छूने लगा है – यह 7500त्न की आश्चर्यजनक वृद्धि को दर्शाता है! आज भारत में इस्तेमाल होने वाले 99त्न मोबाइल फोन सही मायनों में 'मेड इन इंडिया' हैं। हम पूरी दुनिया में दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निर्माता बन गए हैं। हमारे इस्पात उद्योग पर एक नजर डालें तो हम विशुद्ध रूप से तैयार स्टील के निर्यातक बन गए हैं, जिसका कुल उत्पादन वर्ष 2014 से लेकर अब तक 50% से भी अधिक बढ़ गया है। हमारा सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का निवेश आकर्षित करने में सफल रहा है, जिसमें पांच संयंत्रों को मंजूरी दी गई है जिनकी संयुक्त क्षमता प्रतिदिन 7 करोड़ से भी अधिक चिप्स की होगी! नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हम पूरी दुनिया में चौथे सबसे बड़े उत्पादक देश हैं जिसमें कुल क्षमता केवल एक दशक में 400त्न बढ़ गई है। हमारा इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग जोरदार उछाल के साथ 3 अरब डॉलर का हो गया है, जो वर्ष 2014 में तो एक तरह से अस्तित्व में ही नहीं था। रक्षा उत्पादों का निर्यात मात्र 1,000 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 21,000 करोड़ रुपये हो गया है, जो अब तो 85 से भी अधिक देशों में पहुंच गया है। 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान, मैंने एक जीवंत खिलौना उद्योग की आवश्यकता के बारे में बात की थी और हमारे लोगों ने दिखाया कि यह कैसे किया जाता है! पिछले कुछ वर्षों में, हमने निर्यात में जहां 239त्न की वृद्धि देखी है, वहीं, आयात आधे से भी कम हो गया है, जिसका विशेष रूप से हमारे स्थानीय विनिर्माताओं और विक्रेताओं को लाभ हुआ है, छोटे बच्चों का तो कहना ही क्या! =) आज के भारत के कई प्रतीक – हमारी वंदे भारत ट्रेनें, ब्रह्मोस मिसाइलें और हमारे हाथों में मोबाइल फोन – सभी पर गर्व के साथ मेक इन इंडिया लेबल नजर आता है। इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र तक, इससे भारतीय प्रतिभा और गुणवत्ता का पता चलता है। मेक इन इंडिया पहल इसलिए भी खास है क्योंकि इसने गरीबों को बड़े सपने देखने और आकांक्षाएं के लिए पंख दिए हैं– इसने उन्हें यह विश्वास दिलाया है कि वे वेल्थ क्रिएटर बन सकते हैं। एमएसएमई क्षेत्र पर इसका प्रभाव भी उतना ही उल्लेखनीय है। एक सरकार के रूप में, हम इस भावना को और भी मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा एक दशक लंबा ट्रैक रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ बोलता है। उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं गेम चेंजर रही हैं, जिससे हजारों करोड़ रुपये का निवेश संभव हुआ है और लाखों नौकरियां पैदा हुई हैं। हमने व्यापार को आसान बनाने के लिए भी खासे प्रयास किए हैं। आज भारत के पक्ष में बहुत कुछ चल रहा है– हम लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग का सही मिश्रण हैं। हमारे पास वो सब कुछ है जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए आवश्यक हैं और जिन्हें व्यापार के लिए एक विश्वसनीय भागीदार में देखा जाता है। हमारे पास सबसे शानदार युवा शक्ति भी है, जिसके स्टार्टअप की सफलता सभी के सामने है। इस प्रकार, माहौल स्पष्ट रूप से भारत के पक्ष में है। वैश्विक महामारी जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारत मजबूती से विकास की राह पर बना हुआ है। आज, हमें वैश्विक विकास के नेतृत्व करने वाले के रूप में देखा जा रहा है। मैं अपने युवा मित्रों से आह्वान करता हूं कि वे आएं और मेक इन इंडिया को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में हमारा साथ दें। हम सभी को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना चाहिए। गुणवत्ता प्रदान करना हमारी प्रतिबद्धता होनी चाहिए। जीरो डिफेक्ट हमारा मंत्र होना चाहिए। हम मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण कर सकते हैं जो न केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि विश्व के लिए विनिर्माण और नवाचार का केंद्र भी बनेगा।

संपादकीय

## शक्तिशाली देशों की सूची में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर

आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। फ्एशिया पावर इंडेक्स 2024फ् नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है। उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर फ्क्वाडफ् के सदस्य देश हैं – अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है।

सीने पर जो जख्म हैं, सब फूलों के गुच्छे हैं।
हमें पागल ही रहने दो, हम पागल ही अच्छे हैं।
जीतू पटवारी अध्यक्ष, मप्र कांग्रेस

# भोपाल में दबंगों ने महिला को घर से निकाला

## सड़क पर फेंका सामान; भांजी के साथ खुले आसमान में बितानी पड़ी रात

न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल के अयोध्या नगर इलाके में रहने वाली महिला को दबंगों ने घर से निकालकर सामान बाहर फेंक दिया। जिससे सामानों में टूट-फूट हुई है। कई सामान गुम हो गए। घटना शुक्रवार सुबह 9-30 बजे की है। इसके बाद महिला और उनकी भांजी ने पूरी रात खाली कराए गए घर के बाहर सड़क पर बिताई। उनका सामान अब भी सड़क पर पड़ा है। महिला का कहना है कि थाने में पुलिस आरोपी का पक्ष लेती रही। मेरे कहे अनुसार रिपोर्ट नहीं लिखी और साधारण धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

**5 लाख रुपए हुआ था मकान का सौदा**

पीड़ित सुषमा पंद्रे (50) ईडब्ल्यूएस 29 एच सेक्टर अयोध्या नगर में रहती हैं। उन्होंने बताया कि 2002 से इसी मकान में रह रही हैं। आरोपी वीर सिंह और निहाल सिंह पिता-पुत्र हैं। उनसे 2002 में मकान का सौदा पांच लाख में हुआ था। रकम को किश्तों में देने की बात तय हुई थी। रकम पूरी होने पर रजिस्ट्री कराना भी तय हो गया था। पांच हजार रुपए महीने के हिसाब से आरोपी को करीब तीन लाख रुपए चुका चुकी हैं। मकान के रेट बढ़ जाने पर आरोपी की नीयत खराब हो चुकी है। बीते कई सालों से आरोपी मकान का पैसा भी नहीं लौटा रहे और घर खाली करने का दबाव बना रहे थे।

**न्यायालय में विचाराधीन है केस**

सुषमा ने बताया जालसाजी को लेकर उन्होंने कोर्ट में प्राइवेट कम्प्लेन फाइल की है, जो विचाराधीन है। इसके बाद भी आरोपी वीर सिंह, उसका पुत्र निहाल सिंह, पोता रिंकू सिंह और गुड्डी बाई अन्य लोग जबरन घर में घुस आए। सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। बचाव करने आई भांजी काजल को भी पीटा। घर का पूरा सामान बाहर निकालकर फेंक दिया। इस दौरान कई कीमती सामान टूटा और गुम हो गया।

**पुलिस ने साधारण धाराओं में किया केस**

शुक्रवार शाम को पुलिस ने गुड्डी बाई, वीर सिंह और निहाल सिंह सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उनका सामान भी चोरी कर ले गए हैं, पुलिस ने केवल मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

**थाना प्रभारी बोले तत्काल केस दर्ज किया**

अयोध्या नगर में थाना प्रभारी महेश लिल्लारे ने बताया कि शिकायत मिलते ही तत्काल एफआईआर दर्ज की थी। महिला के बताए घटनाक्रम अनुसार धाराएं लगाई हैं। केस की जांच की जा रही है। आरोपी वीर सिंह, रिंकू और निहाल को हिरासत में ले लिया है। महिला सहित सभी आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है।



**पत्रकार बनने का सुनहरा अवसर**

अगर आपके अंदर लिखने का कौशल है और पत्रकारिता में रुचि है, तो 'न्यूज क्राइम फाइल' को आपकी तलाश है। 'न्यूज क्राइम फाइल' से जुड़ कर आप हर माह दस हजार रुपये तक कमा सकते हैं। 'न्यूज क्राइम फाइल' भोपाल, ग्वालियर, सतना, सागर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर और नीमच में ब्यूरो ऑफिस खोलने जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार तत्काल हमें अपना बॉयोडाटा मेल करें या व्हाट्सअप करें।

उदय प्रताप सिंह चौहान (संपादक) 07223003441
संजीव कुमार (ब्यूरो प्रभारी भोपाल) 08224965455
email: newscrimefile@yahoo.com

आज भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय पर %संगठन पर्व% सदस्यता अभियान-2024 के अंतर्गत आयोजित प्रदेश समीक्षा बैठक में सहभागिता की।
मोहन यादव- सीएम मप्र



# बेइज्जती का बदला लेने

# रिकवरी एजेंट का मर्डर

न्यूज क्राइम फाइल

जबलपुर में बैंक के रिकवरी एजेंट की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। बेइज्जती का बदला लेने के लिए एजेंट को पीट-पीटकर मार डाला था। गुरुवार को पुलिस ने पिता-पुत्र समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 24 सितंबर को एजेंट राहुल पटेल (32) का शव संजीवनी नगर थाने के कुगवा गांव के बाहर मिला था। गांव के अमन चौधरी उर्फ बब्बू (28) ने बैंक से बाइक फाइनेंस कराई थी। वह तीन महीने से किस्त जमा नहीं कर पाया था।रिकवरी एजेंट राहुल ने गांववालों के सामने अमन और उसके पिता रामचरण चौधरी (54) से कह दिया था कि जब तुम लोगों की औकात नहीं है तो बाइक क्यों खरीदी। इसी बेइज्जती का बदला लेने के लिए एजेंट की हत्या का प्लान बनाया। 20 सितंबर को एजेंट उदय चौधरी रिकवरी के लिए गांव गया था। इसके 4 दिन बाद उसकी हत्या कर दी गई। शव गांव के बाहर 5 घंटे तक पड़ा रहा। वहां से गुजर रहे एक शख्स ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी।

**किस्त के लिए एक हफ्ते से चक्कर काट रहे थे रिकवरी एजेंट**

राहुल पटेल श्री राम फाइनेंस बैंक में रिकवरी एजेंट था। अमन ने फरवरी 2023 में बाइक फाइनेंस करवाई थी। लगातार तीन महीने से किस्त बाउंस हो रही थी। बैंक की ओर से रिकवरी के लिए बार-बार राहुल को अमन के घर भेजा जा रहा था।



राहुल पटेल, मृतक

करीब 8 हजार रुपए की रिकवरी के लिए वो एक हफ्ते से चक्कर काट रहा था। हत्या से चार दिन पहले भी राहुल कुगवा गांव में अमन के घर पहुंचा था। उसकी अमन से बहस हुई, इसी दौरान अमन का पिता भी घर से बाहर निकल आया। भीड़ जमा हो गई। राहुल और अमन में झूमाझटकी होने लगी। लोगों ने दोनों को अलग किया। इसके बाद राहुल वहां से चला गया।

**फोन लगाकर कहा- जो कुछ हुआ भूल जाओ, किस्त ले जाओ**

अमन के चचेरे भाई उदय चौधरी को जब विवाद का पता चला तो एजेंट राहुल की हत्या का प्लान बनाया। 24 सितंबर मंगलवार सुबह अमन ने राहुल को फोन कर माफी मांगी और कहा- जो हुआ भूल जाओ, घर आकर किस्त के 8 हजार रुपए ले जाओ। दोपहर 12.58 बजे राहुल एक्टिवा से कुगवा गांव पहुंचा। सीसीटीवी फुटेज में वह गांव में जाते हुए दिख रहा है। अमन, उसका पिता रामचरण और चचेरा भाई उदय चौधरी राहुल को गांव के बाहर ले गए। राहुल पर पहला हमला अमन ने किया। इसके बाद रामचरण ने राहुल के सिर पर डंडा मारा। वह निढाल होकर गिर पड़ा। इसके बाद तीनों डंडे और सब्बल लेकर टूट पड़े। आरोपी का घर गांव के बाहरी छोर पर है। इससे 50 मीटर दूर ले जाकर रिकवरी एजेंट को पीटा गया था। यहां लोगों का बहुत कम आना-जाना होता है। शाम 6.30 बजे तक किसी को जानकारी नहीं लगी। गांव का एक शख्स यहां से गुजरा तब उसने शव पड़ा देखा।

**हड़बड़ाहट में आरोपी चचेरे भाई ने दे दिया क्लू**

रिकवरी एजेंट राहुल के चचेरे बड़े भाई उमेश पटेल बीजेपी के स्थानीय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने शुरुआत में ही अमन पर हत्या का शक जता दिया था। घटना वाली रात पुलिस ने दबिश दी तो अमन घर पर नहीं मिला। बुधवार सुबह गांव में पूछताछ करते हुए पुलिस उदय चौधरी (आरोपी अमन का चचेरा भाई) के घर पहुंच गई। उदय ने हड़बड़ाहट में कह दिया- मैंने नहीं, चाचा रामचरण के बेटे अमन ने श्रीराम फाइनेंस बैंक से बाइक फाइनेंस करवाई थी।

## इंजेक्शन से 17 नवजातों के शरीर पर आए फफोले

# 6 बच्चे आईसीयू में, एक दिन पहले ही जन्मे; पुलिस ने इंजेक्शन जब्त किए

न्यूज क्राइम फाइल

नीमच जिला अस्पताल में एक दिन पहले जन्मे 17 बच्चों की तबीयत एंटीबायोटिक इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ गई। बच्चों को बुखार, उल्टी और शरीर में फफोले आ गए। शिशु वार्ड में हड़कंप मच गया। पुलिस और अस्पताल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया। तबीयत बिगड़ने पर 6 बच्चों को आईसीयू में शिफ्ट किया गया। 3 बच्चों के परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। बाकी के सभी बच्चे शिशु वार्ड में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि सभी की स्थिति सामान्य है। पुलिस ने एंटीबायोटिक इंजेक्शन जब्त कर लिए हैं। जानकारी के अनुसार, जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में शुक्रवार रात 8 बजे बाद ड्यूटी पर आए नर्सिंग स्टाफ ने भर्ती सभी 26 बच्चों



को ठंड व कपकपी के लिए सेफ्ट्रिएक्सोन इंजेक्शन लगाया था। थोड़ी देर बाद ही कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। वार्ड में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद एडीएम लक्ष्मी गामड़, एसडीएम ममता खेड़े, तहसीलदार संजय मालवीय, सिविल सर्जन महेंद्र पाटिल और टीआई पुष्पा चौहान पुलिस बल के साथ पहुंची।

**50 वायल का नया बॉक्स खोलकर लगाए इंजेक्शन**

नीमच एसडीएम लक्ष्मी गामड़ ने कहा, ड्यूटी स्टाफ ने सेफ्ट्रिएक्सोन इंजेक्शन के 50 वायल का बॉक्स खोलकर बच्चों को इंजेक्शन लगाया। सभी बच्चे एक दिन पहले जन्मे हैं। ये एंटीबायोटिक इंजेक्शन सुबह-शाम दिया जाता है। आशंका है कि इंजेक्शन के नए बॉक्स में रखे वायल में गड़बड़ी हो सकती है। यह जांच के बाद ही कंफर्म हो पाएगा। इंजेक्शन के सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा है।

जम्मू के लोगों का स्नेह अद्वितीय है। भाजपा क्षेत्र की उन्नति, सुशासन और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।



प्रधानमंत्री- नरेंद्र मोदी

# बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 टीम में मयंक यादव को मौका

## वरुण चक्रवर्ती की वापसी, सैमसन और जितेश विकेटकीपर; सूर्या को कमान

न्यूज क्राइम फाइल

बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम में ज्यादातर सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया गया है। वहीं ड्डक्क में 150 किमी की स्पीड से गेंदबाजी कर सभी का ध्यान खींचने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव को पहली बार मौका मिला। टीम में वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा की वापसी हुई है। वहीं संजू सैमसन और जितेश शर्मा को विकेटकीपर के रूप में चुना गया। हार्दिक पंड्या भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी-20 की सीरीज 6 अक्टूबर से शुरू होगी।

**बुमराह, शुभमन को आराम**

टी-20 सीरीज की टीम से सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया गया है। इनमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज शामिल हैं। सभी प्लेयर्स बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज में भी टीम इंडिया का हिस्सा हैं।

**मयंक यादव को पहला मौका**

लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए ड्डक्क खेलने वाले मयंक यादव को पहली बार इंडियन टीम में मौका मिला है। उन्होंने लखनऊ से खेलते हुए 150 किमी से ज्यादा की स्पीड से गेंदबाजी कर सभी को चौंकाया था। वह 4 मैच में 7 विकेट लेने के बाद इंजर्ड हो गए थे। रिकवरी के बाद उन्हें अब इंडियन टीम में मौका मिल गया।




**अभिषेक और चक्रवर्ती की वापसी**

जिम्बाब्वे के खिलाफ इसी साल जुलाई में टी-20 डेब्यू करने वाले अभिषेक शर्मा की भी टीम में वापसी हुई। वह श्रीलंका के खिलाफ टी-20 टीम में शामिल नहीं थे। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में सेंचुरी लगाई थी। वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी टीम में चुना गया। उन्होंने 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारत के लिए आखिरी मैच खेला था।

**सैमसन और जितेश होंगे विकेटकीपर**

ऋषभ पंत को आराम दिए जाने के बाद संजू सैमसन और जितेश शर्मा के रूप में 2 विकेटकीपर चुने गए। 15 सदस्यीय स्क्वॉड में ईशान किशन को मौका नहीं मिला। वहीं हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे के रूप में टीम में 5 ऑलराउंडर्स शामिल हैं। तेज गेंदबाजों में मयंक के साथ अर्शदीप सिंह और युवा हर्षित राणा को भी मौका मिला। स्पिन डिपार्टमेंट में रवि बिश्नोई को भी चुना गया।

**सीरीज 6 अक्टूबर से**

भारत और बांग्लादेश के बीच 2 टेस्ट की सीरीज का दूसरा मुकाबला फिलहाल कानपुर में खेला जा रहा है। मैच 1 अक्टूबर तक होगा। इसके बाद 6 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच टी-20 सीरीज होगी। ग्वालियर, दिल्ली और हैदराबाद में 3 मैच होंगे। 9 अक्टूबर को दूसरा और 12 अक्टूबर को तीसरा टी-20 होगा।

**टीम इंडिया इस प्रकार है...**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, रियान पराग, नितिश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और मयंक यादव।

## जोमैटो की को-फाउंडर आकृति चोपड़ा ने इस्तीफा दिया

# 13 साल से कंपनी में काम कर रहीं थीं, इस खबर से पहले जोमैटो का शेयर 2% गिरा

न्यूज क्राइम फाइल

फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो की को-फाउंडर और चीफ पीपुल ऑफिसर आकृति चोपड़ा ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। आकृति पिछले 13 साल से कंपनी में काम कर रहीं थीं। जोमैटो ने शुक्रवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी। आकृति चोपड़ा ने अपने एग्जिट मेल में लिखा, दीपिंदर गोयल, जैसा कि डिस्कस किया गया था, औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा भेज रही हूं, जो आज 27 सितंबर 2024 से प्रभावी है। पिछले 13 साल की जर्नी अविश्वसनीय रूप से समृद्ध रही। हर चीज के लिए धन्यवाद। मैं हमेशा बस एक कॉल दूर हूं।

**आकृति चोपड़ा ब्लिंकइट के ष्टश्वह्र अल्बिन्दर ढींढसा की पत्नी हैं**

दीपिंदर गोयल, जोमैटो के को-फाउंडर और सीईओ हैं। आकृति चोपड़ा ब्लिंकइट के सीईओ अल्बिन्दर ढींढसा की पत्नी भी हैं। आकृति चोपड़ा लगभग दो सालों के अंदर कंपनी से बाहर निकलने वाली 5वीं को-फाउंडर हैं।

**आकृति चोपड़ा से पहले 4 को-फाउंडर छोड़ चुके हैं कंपनी**

आकृति चोपड़ा से पहले को-फाउंडर गुंजन पाटीदार, पंकज चड्ढा, गौरव गुप्ता और मोहित गुप्ता कंपनी का साथ छोड़ चुके हैं। पंकज चड्ढा 2018 में और गौरव गुप्ता 2021 में कंपनी छोड़ गए थे।

**सीटीओ गुंजन पाटीदार ने जनवरी 2023 में दिया था इस्तीफा**

चोपड़ा से पहले सीनियर पोजिशन के कई अन्य लोग भी जोमैटो का साथ छोड़ चुके हैं। पूर्व ष्टञ्जह्र गुंजन पाटीदार ने जनवरी 2023 में को-फाउंडर मोहित गुप्ता के कंपनी छोड़ने के कुछ हफ्ते बाद इस्तीफा दे दिया था। लगभग उसी वक्त कंपनी के न्यू इनिशिएटिव्स हेड और पूर्व फूड डिलीवरी चीफ राहुल गंजू और जोमैटो की इंटरसिटी लीजेंड्स सर्विस के हेड सिद्धार्थ झावर ने भी इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, जोमैटो राहुल गंजू और प्रद्योत घाटे को वापस ले आई है।



**कंपनी का मुनाफा 2 करोड़ से बढ़कर 253 करोड़ हुआ**

जोमैटो ने 1 अगस्त को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए थे। अप्रैल-जून तिमाही में जोमैटो का मुनाफा सालाना आधार पर 126.5 गुना बढ़कर 253 करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 2 करोड़ रुपए था। पहली तिमाही में जोमैटो की आय (रेवेन्यू) 74त्न बढ़कर 4,206 करोड़ हो गई। एक साल पहले की समान तिमाही में रेवेन्यू 2,416 करोड़ रुपए था।

**दीपिंदर ने 2008 में बनाई थी फूडीबे, फिर नाम बदल कर जोमैटो किया**

दीपिंदर गोयल और पंकज चड्ढा ने मिलकर साल 2008 में फूडीबे नाम से अपनी फूड डायरेक्टरी वेबसाइट लॉन्च की थी। केवल नौ महीनों में, स्नश्चश्वस्रद्बद्गक्कड्ड4 दिल्ली एनसीआर में सबसे बड़ी रेस्तरां डायरेक्टरी बन गई।

क्रांतिवीर भगत सिंह जी ने न केवल ब्रिटिश हुकूमत को बुलंद आवाज से ललकारा, बल्कि देश की स्वतंत्रता व सुनहरे कल के लिए अपने प्राणों की आहुति भी दी।
केंद्रीय गृहमंत्री-अमित शाह



# 80 वर्षीय महिला की हत्या

## घर में खून से लथपथ मिला निर्वस्त्र शव, गाय की आवाज सुन पहुंचे परिजन

न्यूज क्राइम फाइल

सागर में बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम सिसगुवां में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। शव घर में निर्वस्त्र अवस्था में खून से लथपथ मिला है। सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने वारदातस्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। जानकारी के अनुसार वृद्धा घर में अकेली थी। शनिवार सुबह घर के बाहर बंधी गाय बार-बार रमा रही थी। जिसे देख पड़ोस में रहने वाले परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। वे घर के अंदर गए तो वृद्धा का शव पड़ा था। शव खून से लथपथ अवस्था में था। वहीं मृतका के शरीर पर कपड़े नहीं थे। वारदात की सूचना मिलते हीं बंडा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। एफएसएल और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया। टीम ने वारदातस्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पुलिस का डॉग गांव और नाले के आसपास घूमता रहा। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसडीओपी शिखा सोनी ने बताया कि महिला का शव घर में पड़ा मिला है। प्राथमिक जांच में मामला हत्या का लग रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पीएम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**वारदात के समय खेत पर थे मृतका के बेटे**

मृतका के तीन बेटे हैं। जिसमें से एक बेटा बाहर रहकर मजदूरी करता है। वहीं दो बेटे घटना दिनांक की रात खेत पर थे। लूट की नीयत से वारदात किए जाने की बात सामने आई। जिस पर पुलिस ने जांच की तो मृतका के गहने घर में ही मिले हैं। जिससे स्पष्ट हुआ है कि वृद्धा की हत्या लूट की नीयत से नहीं की गई है। अब मामले में पुलिस पुराने विवाद समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है।



# उज्जैन में सड़क पर शव रखकर चक्काजाम



अजय, मृतक | फरीन, मृतक

न्यूज क्राइम फाइल

उज्जैन में शुक्रवार शाम को तेज बारिश के बीच महाकाल मंदिर के गेट नंबर चार के पास दीवार ढह गई। मलबे में दबने से अजय योगी और फरीन राठौर की मौत हो गई। शनिवार सुबह करीब 11 बजे अजय योगी का शव रखकर परिजन ने मोहन नगर चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। उज्जैन-आगर रोड पर वाहनों की कतार लग गई। प्रदर्शनकारी मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मौके पर एसडीएम एलएन गर्ग, सीएसपी सुमित अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचा। इसी बीच बारिश शुरू हो गई। लोग पानी बरसते में प्रदर्शन करते रहे। करीब ढाई घंटे चला प्रदर्शन मांगें शासन तक पहुंचाने के आश्वासन के बाद खत्म किया। लोग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी बात करना चाह रहे थे, लेकिन संभव नहीं हो सका। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने भाजपा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा को फोन लगाया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। इस पर लोग आक्रोशित हो गए। जो दीवार ढही, वह 20 साल पुरानी थी। इसी दीवार के पीछे एक और दीवार बनाई गई है। इसका निर्माण मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग ने कराया है। दोनों दीवारों के बीच करीब 10 फीट का गैप है, जहां बड़ी मात्रा में काली मिट्टी डाली गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोपहर से ही यहां बारिश का पानी भर रहा था। इसकी निकासी का कोई इंतजाम भी नहीं था। शुक्रवार शाम को जब तेज बारिश हुई तो पानी निकलने की जगह नहीं मिली। प्रेशर बनने से पुरानी दीवार के ऊपर वाला हिस्सा ढह गया। रेस्क्यू टीम ने मलबा हटाने के लिए जेसीबी बुलवाई। और बचाव कार्य के बाद बाकी बची क्षतिग्रस्त दीवार को भी गिरा दिया गया।

## फोटो गैलरी




उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने मल्हारगढ़ विधानसभा के ग्राम पिपल्या जोधा में प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित कार्यालय में पंचायत के सम्मानित सदस्यों के साथ विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की और उनके विचारों को ध्यानपूर्वक सुना।

झारखंड के धनबाद में आज 'परिवर्तन महासभा' को संबोधित किया। इस समय झारखंड में परिवर्तन की बयार बह रही है।
रक्षा मंत्री-राजनाथ सिंह



# एक करोड़ और नए सदस्य बनाएगी बीजेपी

## दूसरे फेस के लिए टारगेट, अभी एक करोड़ मेंबर बनाकर देश में तीसरे स्थान पर एमपी

न्यूज क्राइम फाइल




बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि बीजेपी के सदस्यता अभियान का दूसरा फेस एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा और इस दौरान एक करोड़ और नए सदस्य बनाए जाएंगे। इस तरह बीजेपी अभियान के दौरान दो करोड़ सदस्य बनाएगी। शर्मा ने कहा कि आज हुई समीक्षा के दौरान अच्छा काम करने वाले और कमजोर परफार्मेंस वाले जिलों को लेकर चर्चा की गई है। अब तक एक करोड़ 5 लाख 34 हजार 180 लोग मिस कॉल के माध्यम से बीजेपी के मेंबर बने हैं। वहीं फार्म भर कर 97 लाख 92 हजार 981 लोगों ने बीजेपी ज्वाइन की है। इंदौर और मंदसौर ने बेहतर प्लानिंग के साथ अच्छा काम हुआ है। भोपाल में भी अच्छा काम हुआ है। बीजेपी सदस्यता अभियान की प्रदेश की समीक्षा के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि जिस छिंदवाड़ा को चुनाव से पहले लोग जाने क्या-क्या कहते थे वह छिंदवाड़ा बीजेपी के सदस्यता अभियान में चौथे नम्बर का रिकार्ड बना रहा है। छिंदवाड़ा ने 78 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है जिससे अब साबित हुआ है कि पीएम नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण योजना के हितग्राहियों का गढ़ छिंदवाड़ा है। शर्मा ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जो विधानसभा बीजेपी के लिए कमजोर रही हैं, उन पर भी चर्चा हुई है। सैलाना, हरसूद, पंधाना जैसी कुछ विधानसभा में 30 प्रतिशत की ही प्रगति है। उस पर भी चर्चा हुई है।

### 30 साल तक के 64 प्रतिशत युवा जुड़े

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अभियान में शिवपुरी, रीवा, मुरैना, धार का परफार्मेंस कमजोर है। रायसेन, सागर जिले अच्छा कर रहे हैं। सदस्यता अभियान में बड़ा संकेत यह मिला है कि 18 से 30 साल के 64 प्रतिशत युवाओं ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की है। महिलाएं भी जुड़ी है। साथ ही 17782 थर्ड जेंडर्स ने भी सदस्यता ली है।

### जहां 50 प्रतिशत से कम सदस्य वहां बैठकें करेंगे

उन्होंने कहा कि प्रदेश की समीक्षा के बाद अब जिन जिलों में टारगेट के आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक मेंबर बने हैं वहां और जहां टारगेट का 50 प्रतिशत भी मेंबर नहीं बनें हैं, ऐसे जिलों की विधानसभा वार समीक्षा की जाएगी। इसके लिए प्लान तैयार है और सामूहिक बैठक के बाद ग्रुपवार बैठकें की जाएंगी। । प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि जिन विधानसभा क्षेत्रों में सदस्यता अभियान पर अच्छा काम हुआ है उसमें सबसे अव्वल इंदौर -1 विधानसभा है। इसके बाद इंदौर 2, भोपाल मध्य (90871), ग्वालियर, छिंदवाड़ा (91206), उज्जैन दक्षिण, सतना, गुना, सांवेर विधानसभा ने अच्छा काम किया है और कुछ ने तो टारगेट से अधिक सदस्य बनाए हैं।

### 20 जिलों में 50 प्रतिशत टारगेट पूरे नहीं

शर्मा ने कहा कि प्रदेश के 20 जिलों में लक्ष्य से 50 फीसदी से कम सदस्यता हो पाई है वहां के जिला अध्यक्षों के साथ बैठ कर समीक्षा करेंगे। साथ ही इसके लिए महिलाओं को अलग से फोकस करेंगे क्योंकि सभी महिलाओं के पास मोबाइल नहीं होता। ऐसी महिलाओं को फिजिकल फार्म देकर सदस्य बनाने का काम किया जाएगा।

# बिहार की लड़की से जबलपुर में दुष्कर्म

## काम की तलाश में बिना बताए मुंबई के लिए निकली थी, बहला-फुसलाकर ले गया आरोपी

न्यूज क्राइम फाइल



जबलपुर में 17 साल की लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। लड़की बिहार की रहने वाली है। घटना शुक्रवार की है। पुलिस ने शनिवार को ऑटो ड्राइवर और महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला सीधी की रहने वाली है। घटना शुक्रवार को पनागर थाने के देवरी गांव के पास की है। जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले लड़की बिहार से अपने घर में बिना बताए ट्रेन में बैठकर मुंबई जा रही थी। वह काम की तलाश में निकली थी। शुक्रवार सुबह कटनी स्टेशन में नाबालिग की मुलाकात सीधी की रहने वाली 34 साल की महिला से हुई। कुछ देर में दोनों के बीच बात होने लगी। लड़की ने महिला को घर में पैसों की दिक्कत बताई। लड़की ने महिला को बताया कि माता-पिता का काम भी नहीं चल रहा है, इसलिए काम करने मुंबई जा रही है। इस बीच महिला ने लड़की से कहा कि जबलपुर में भी काम मिल सकता है। मैं भी वहीं जा रही हूं। चाहो तो साथ में चल सकती हो। लड़की बातों मे आ गई। महिला के साथ जबलपुर रेलवे स्टेशन में उतर कर ऑटो से तीन पत्ती चौक पहुंची। यहां उनकी मुलाकात ऑटो चालक पनागर देवरी निवासी अनुष केवट से हुई। पनागर पुलिस के मुताबिक दोनों के पास पैसे नहीं थे। इस पर वह अनुष केवट से जबलपुर में काम को लेकर बात करने लगी। लड़की को भूख भी लगी थी। ऑटो चालक अनुष खाना खिलाने की बात कहकर देवरी स्थित अपने घर ले गया। यहां लड़की को खाना खिलाया। इसके बाद पनागर में काम दिलाने के बहाने दोनों को ले गया। रास्ते में देवरी के पास अनुष ने ऑटो रोका। महिला को वहीं छोड़कर थोड़ी देर में आने की बात कहकर चला गया। इसके बाद सुनसान जगह ले जाकर लड़की के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान महिला ऑटो में बैठी रही। बाद में आरोपी किशोरी को वहीं पर छोड़कर भाग गया, जबकि महिला भी चली गई।

### लोगों से पूछते-पूछते थाने पहुंची लड़की

वारदात के बाद लोगों से पूछते-पूछते लड़की पनागर थाने पहुंची। लड़की की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। शुक्रवार रात ही पुलिस ने आरोपी अनुष केवट और महिला को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि महिला को सहआरोपी बनाया गया है। अनुष केवट क्षेत्र का शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में मारपीट, अवैध वसूली, एक्सीडेंट, धमकाने के 12 से ज्यादा केस दर्ज हैं।

महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आज़म भगत सिंह जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनका साहस, त्याग एवं बलिदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।
नेता प्रतिपक्ष-राहुल गांधी



# मंडी के एएसआई को कुर्सियों से मारा, लात-घूंसे बरसाए

## इतना पीटा कि कुर्सियां टूट गईं; उड़नदस्ते के साथी भागकर होटल में छिप गए

न्यूज क्राइम फाइल

शिवपुरी में ग्वालियर चंबल संभाग के उड़नदस्ते पर 4-5 लोगों ने हमला कर दिया। अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई, लेकिन एक एएसआई को हमलावरों ने पकड़ लिया। उसे लात-घूंसे मारे। एक हमलावर उसे जमीन पर पटककर ऊपर चढ़ गया। 4 लोगों ने कुर्सियों से इतना मारा कि कुर्सियां टूट गईं। एएसआई के साथी छिपकर उसे पिटता हुआ देखते रहे। एएसआई को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, शुक्रवार रात को ग्वालियर चंबल संभाग का उड़नदस्ता कोलारस में पूरनखेड़ी टोल प्लाजा के पास कृषि मंडी टैक्स चोरी करने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहा था। इसी दौरान मूंगफली दाने से भरे ट्रक को रोका। ट्रक शिवपुरी से गुना की ओर जा रहा था। ट्रक ड्राइवर के पास मंडी टैक्स का अनुज्ञा पत्र नहीं था। जब टीम कार्रवाई कर रही थी, तभी काले कलर की थार में सवार होकर कुछ लोग आए। उन्होंने कपड़ों में बांधकर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। टीम के सदस्य बचने के लिए यहां-वहां भागने लगे। मंडी बोर्ड के एएसआई विकास शर्मा को हमलावरों ने पीट दिया। थार सवार लोग मारपीट के बाद ट्रक को अपने साथ ले गए।



**पुलिस के पहुंचने से पहले भागे बदमाश**

मौके पर लुकवासा चौकी पुलिस पहुंच गई थी, लेकिन इससे पहले ही बदमाश फरार हो गए। घायल एएसआई को कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां मंडी के सचिव देवेंद्र सिंह जादौन पहुंच गए। एएसआई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल एएसआई विकास शर्मा ने बताया कि उन्हें ग्वालियर डीएस से चेकिंग के लिए भेजा गया था। चेकिंग के दौरान ट्रांसपोर्टर दीपू तोमर ट्रक को छुड़वाने आया था। उसने मारपीट की है।

**पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

मामले में लुकवासा चौकी प्रभारी शिखा तिवारी ने बताया, जिस थार से बदमाश आए थे, वह दीपक तोमर के नाम से रजिस्टर्ड है। मंडी बोर्ड के एएसआई विकास शर्मा ने भी मारपीट करने वालों में दीपू तोमर का नाम बताया है। पुलिस ने दीपक उर्फ दीपू तोमर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 8वीं के छात्र को पीटा, जेल भेजने की धमकी दी

## आधी रात को मारपीट करने वाला वार्डन गिरफ्तार; बच्चा बोला-मैं रोता रहा, सर पीटते रहे

न्यूज क्राइम फाइल

जबलपुर के नीमखेड़ा स्थित प्राइवेट स्कूल में 12 साल के बच्चे से मारपीट का मामला सामने आया है। स्कूल के हॉस्टल में रहने वाले 8वीं के छात्र को वार्डन ने सोते से उठाया। गालों पर थप्पड़ मारे। बचने के लिए बच्चे ने गालों पर हाथ रख लिया तो हाथ मरोड़कर कान और पीठ पर मारना शुरू कर दिया। धमकाया भी कि अगर किसी से जिक्र किया तो रैगिंग केस में 7 साल के लिए जेल भिजवा दूंगा। पिटाई से बच्चे के चेहरे और पीठ पर निशान आए हैं। एक कान से सुनाई देना बंद हो गया है। उसने अगले दिन माता-पिता को फोन कर जानकारी दी। परिजन स्कूल पहुंचे और वार्डन मुकेश शर्मा (39) के खिलाफ गौर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। माता-पिता का यह भी कहना है कि मारपीट के बाद बच्चे को वे दवाइयां दी गईं, जो इस उम्र के बच्चों को नहीं दी जाती है।

**मोबाइल पर रोया तो स्कूल पहुंचे परिजन**

मामला जबलपुर के दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में 23 सितंबर का है। मंगलवार को कॉल-डे होता है यानी बच्चों की बात मोबाइल पर उनके पेरेंट्स से कराई जाती है। इसी दौरान



मुकेश शर्मा, वार्डन

पेरेंट्स से शिकायत करते हुए बच्चा खूब रोया। छात्र के माता-पिता बुधवार दोपहर रीवा से जबलपुर पहुंचे और पुलिस से वार्डन की शिकायत की। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी वार्डन को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, जबलपुर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि स्कूल को नोटिस जारी कर जल्द से जल्द प्रतिवेदन मांगा है।



**डॉक्टर के पास ले गए, पर्चा मांगा को मना कर दिया**

अगले दिन मंगलवार 24 सितंबर को वार्डन सर मुझे अपने साथ एक डॉक्टर के पास ले गए। चेकअप के बाद मैंने कहा- दवाई का पर्चा मुझे मिल सकता है। इस पर वार्डन सर ने मना कर दिया और कहा- अगर किसी से कुछ भी कहा तो जिस लड़के से तुम्हारी लड़ाई हुई थी, उनके पेरेंट्स से कहकर रैगिंग केस में 7 साल के लिए तुम्हें जेल भिजवा दूंगा। उसी दिन हमारा कॉल डे था। जब मुझे मोबाइल मिला, तब मैंने मम्मी-पापा को पूरी घटना बताई।

**परिजन ने स्कूल में किया हंगामा, दर्ज कराई एफआईआर**

बुधवार 25 सितंबर की दोपहर बच्चे के माता-पिता रीवा से जबलपुर पहुंचे और स्कूल के हॉस्टल में जमकर हंगामा किया। जानकारी मिलते ही स्कूल अधीक्षिका और प्रिंसिपल भी हॉस्टल पहुंचे। वे परिजन को समझाते रहे। वे बार-बार एक ही बात दोहरा रहे थे- ट्राय टू अंडरस्टैंड। बात तो सुनिए। वार्डन को फोन लगाया जा रहा है।

अपने मधुर एवं दिव्य स्वर से भारतीय संगीत जगत में अमिट छाप छोड़ने वाली सुप्रसिद्ध गायिका एवं भारत रत्न से सम्मानित स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।
डिप्टी सीएम मप्र- जगदीश देवड़ा



# मप्र के सलकनपुर में भी लड्डू विवाद

## ट्रस्ट ने कहा-इनकी गारंटी नहीं; कलेक्टर से प्रसाद पर रोक लगाने की मांग

**न्यूज क्राइम फाइल**

तिरुपति मंदिर के बाद अब सीहोर जिले के सलकनपुर देवी धाम के मंदिर परिसर में बिकने वाले लड्डुओं को लेकर विवाद हो गया है। मंदिर प्रबंधन ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर परिसर में बिक रहे लड्डुओं की गारंटी नहीं है। ट्रस्ट ने सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह से कहा है कि परिसर में प्रसाद बेचने पर रोक लगाएं। मंदिर परिसर में बिकने वाले लड्डू महिला स्व-सहायता समूह तैयार करता है। इन लड्डुओं को सलकनपुर देवी धाम मंदिर का मोनो लगाकर डिब्बे में पैक कर बेचा जाता है। सलकनपुर देवी धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय ने बताया कि मुझसे व ट्रस्ट के पदाधिकारियों से कई श्रद्धालुओं ने लड्डुओं से अजीब महक आने की शिकायत की है। हम इसके बारे में पहले भी समूह को बताते रहे हैं। इस पूरे मामले में लड्डू बनाने और बेचने वाले स्वसहायता समूह का कहना है कि पूरी शुद्धता से प्रसाद बनाते हैं। इसके लिए फूड एनालिस्ट का सर्टिफिकेट भी लिया है। सलकनपुर मंदिर में पर नवरात्रि में लगने वाले मेले को लेकर सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह और एसपी मयंक अवस्थी ने 23 सितंबर को ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक ली थी। बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने प्रसाद बेचने पर रोक लगाने की बात कही थी।

**पूर्व सीएम शिवराज ने किया था केंद्र का शुभारंभ**

लड्डू बनाने वाले सलकनपुर प्रसादम केंद्र स्वसहायता समूह की अध्यक्ष रजनी मेहरा का कहना है कि हम अक्टूबर 2021 से लड्डू बनाकर बेच रहे हैं। हमें तो समाचारों से ही पता चला है कि लड्डुओं में कोई महक आ रही है। हमारे प्रसाद में अब तक किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आई है। तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान, ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय और सीहोर कलेक्टर ने 7 अक्टूबर 2021 को इस केंद्र का शुभारंभ किया था। मंदिर परिसर में जिला प्रशासन ने एक दुकान उपलब्ध कराई थी। उसी में प्रसाद बेच रहे हैं। यह मंदिर परिसर में ही है। डिब्बे के डिजाइन व मंदिर का मोनो पहले दिन से ही उपयोग कर रहे हैं। हमारा काउंटर शुरू होने से पहले आजीविका मिशन के नोडल अधिकारी के साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय से मिले थे। उन्हें लड्डू टेस्ट कराया था। डिब्बे का डिजाइन भी दिखाया था। उसके बाद ही काउंटर का शुभारंभ हुआ है। पहले साल समूह के ऑडिट के बाद हमें जो बचत हुई थी, उसमें से हमने मंदिर को 25 हजार 501 रुपए दान भी किए थे।

**दस दिन में बिक जाते हैं लड्डू**

रजनी मेहरा ने बताया कि जहां दुकान है, वहां निर्माण चल रहा है। ऐसे में 6 सितंबर से मंदिर के सामने दुकान लगा रहे थे। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने 10 सितंबर को दुकान पर मौजूद हमारी दीदी से



कहा कि आप यहां दुकान नहीं लगाएं। हमसे कहा था कि अभी देवी धाम का काम चल रहा है। निर्माण के दौरान पत्थर आदि गिर सकते हैं, इसलिए एक सप्ताह के लिए दुकान बंद कर लें। इसके बाद से दुकान लगाना बंद है। हम महीने में दो से ढाई क्विंटल लड्डू बनाते हैं। हमारे बनाए लड्डू आठ से दस दिन में पूरे बिक जाते हैं। ऐसे में लड्डू से स्मैल आने की बात गलत है।

**नवरात्रि पर रोजाना बनाते हैं लड्डू**

हमारे यहां महीने में चार से पांच बार लड्डू का निर्माण होता है। नवरात्रि व मेले के समय रोज लड्डू बनाते हैं। आज तक किसी श्रद्धालु ने हमसे इसकी गुणवत्ता को लेकर शिकायत नहीं की है। इस काम से तीस बहनों का परिवार चल रहा है। यदि हम गुणवत्ता से समझौता करेंगे तो कोई हमारा प्रसाद क्यों खरीदेगा। लड्डू बेचना बंद हुए तो सभी बेरोजगार हो जाएंगे। यह वे महिलाएं हैं, जिनके पति नहीं हैं। सभी मजदूरी करके अपना घर चलाती हैं।

# गंदे पानी की निकासी के विवाद में मर्डर, अस्पताल ले जाते समय मौत

**न्यूज क्राइम फाइल**

मुरैना में गंदे पानी की निकासी के विवाद में युवक की हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। चार लोगों ने लाठी-डंडे से युवक को जमकर पीटा। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना माता बसैया थाना क्षेत्र के तहत रजई का पुरा गांव की है। गांव में मिर्जा गब्बर बाजोरिया (45) पुत्र रामजीलाल बाजोरिया अपने परिवार के साथ रहते थे। घर के सामने परिवार के वृंदावन सिंह (45) पुत्र भरोसीलाल भी रहते हैं। गांव में दोनों का घर एक गली में है।

**घर के सामने पानी भरने को लेकर था विवाद**

गली में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है। दोनों के घरों का पानी भी गली में ही जमा हो जाता है। इस कारण दोनों के घरों के बाहर पानी भरा रहता है। बारिश के दिनों में समस्या ज्यादा होती है। इससे दोनों ही परिवारों को निकलने में परेशानी होती



गब्बर सिंह, मृतक

है। दरअसल, वृंदावन सिंह चाहता था कि गब्बर सिंह अपने घर से निकले पानी को दूसरी जगह शिफ्ट कर दे, लेकिन वह तैयार नहीं था, जबकि गब्बर का कहना था कि दोनों मिलकर गली को बनवाकर समस्या सुलझा लेते हैं, लेकिन वृंदावन इसके लिए मना कर दिया। इसी बात पर दोनों के बीच अक्सर विवाद भी होता था।

**पहले बहस फिर चले लाठी-डंडे**

शनिवार सुबह करीब 8 बजे एक बार फिर गब्बर सिंह और वृंदावन सिंह में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट पर में बदल गया। इस दौरान वृंदावन सिंह (45) की पत्नी शांति देवी (48), बेटा रिंकू (30), वृंदावन का भाई धर्मपाल, धर्मपाल का बेटा पंकज (32) भी आ गए। सभी के हाथ में लाठी-डंडे मिलकर गब्बर सिंह को पीटना शुरू कर दिया। हमलावरों ने उसके सिर पर लाठी मारी। इसके बाद लहूलुहान होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर अंदर से परिवार के लोग और गांव वाले आ गए। घायल को मुरैना जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से ग्वालियर रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हैं। गब्बर के छोटे भाई राजू बाजोरिया ने बताया कि दोनों परिवारों के बीच गंदे पानी की समस्या लंबे समय से थी।

तिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधा रोपा।
धरती की समृद्धि और मानव जीवन के लिए पेड़-पौधे बहुत आवश्यक हैं।
शिवराज सिंह चौहान-केंद्रीय कृषि मंत्री



# मोदी बोले- 8 साल पहले आज ही सर्जिकल स्ट्राइक हुई

## कांग्रेस सबूत मांगती है; इनके समय गोलीबारी के जवाब में सफेद झंडा दिखाते थे

संदीप कुमार सिंह



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के अंतिम फेज के लिए शनिवार, 28 सितंबर को जम्मू में रैली की। उन्होंने एमए स्टेडियम में विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2016 में आज ही की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी। भारत ने दुनिया को बताया था कि ये नया भारत है। ये घर में घुसकर मारता है। PM ने कहा, वो दौर याद कीजिए, जब सीमा पार से आए दिन गोले बरसते थे। उधर से गोलियां चलती थीं और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। जब भाजपा सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए। अब आतंक के आकाओं को पता है अगर कुछ भी हिमाकत की तो मोदी पाताल से भी उन्हें खोज निकालेगा। कांग्रेस वो पार्टी है, जिसने सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। कांग्रेस आज भी सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पाकिस्तान की भाषा बोलती है। सितंबर में PM मोदी की जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी और आखिरी चुनावी सभा थी। 1 अक्टूबर को तीसरे और अंतिम चरण में बांदीपोरा, कुपवाड़ा, बारामूला, उधमपुर, जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों की 40 सीटों पर मतदान होगा। 8 अक्टूबर को तीन फेज में 90 सीटों पर हुए मतदान के नतीजे आएंगे। मोदी बोले- कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और PDP संविधान के सबसे बड़े दुश्मन मोदी ने कहा, आज कांग्रेस पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों के कब्जे में है। जब विदेशों से घुसपैठिए यहां आते हैं, तो कांग्रेस को अच्छा लगता है। वो उन्हें अपना वोट बैंक मानती है। उनका स्वागत करती दिखती है, जबकि अपने ही लोगों के दर्द का मजाक उड़ाती है। PM ने कहा, %कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और PDP संविधान के सबसे बड़े दुश्मन हैं। इन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के संविधान की आत्मा का गला घोंटा है। कई-कई पीढ़ियों से रह रहे अनेक परिवारों को वोट देने तक का हक नहीं था। भाजपा ने लोगों को वोट का अधिकार दिया।

### PM मोदी के भाषण की अन्य 4 बड़ी बातें...

1. 8 अक्टूबर को मां के नवरात्रि के दिन नतीजे आएंगे। हम सब माता वैष्णो देवी के साये में पले-बढ़े हैं। 12 अक्टूबर को विजयादशमी है। इस बार की विजयादशमी हम सभी के लिए शुभ शुरुआत वाली होगी। जम्मू हो, सांबा हो, कठुआ हो, चारो तरफ एक ही नारा गूंज रहा है, जम्मू की यही पुकार, आ रही है भाजपा सरकार।
2. जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, PDP और NC के तीन खानदानों से त्रस्त हैं। लोग फिर वही निजाम नहीं चाहते, जिसमें भ्रष्टाचार हो। यहां की जनता आतंकवाद, अलगाववाद, खून-खराबा नहीं चाहती। यहां के लोग अमन, शांति चाहते हैं। यहां के लोग अपने बच्चों का बेहतर भविष्य चाहते हैं। इसलिए जम्मू-कश्मीर के लोग भाजपा सरकार चाहते हैं।
3. पिछले दोनों चरणों में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त वोटिंग हुई है। अब यहां भाजपा की पूर्ण बहुमत की पहली सरकार बनना तय है। पहली बार जम्मू क्षेत्र के लोगों की इच्छा वाली सरकार बनने जा रही है। ये मंदिरों की नगरी है, इस मौके को छोड़ना नहीं है। जम्मू के साथ दशकों से जो भी भेदभाव हुआ है।

# 90 मिनट में 3 लूट, फिल्मी फॉर्मूला अपनाया

## डकैती में इस्तेमाल एसयूवी कंटेनर में छिपाई, पुलिस ने 12 किमी तक पीछा करके पकड़ा

न्यूज क्राइम फाइल



केरल के त्रिशूर में एक गिरोह ने शुक्रवार (27 सितंबर) को महज 90 मिनट के अंदर तीन ATM से करीब 70 लाख रुपए लूटे। डकैती के बाद ये लोग दो ग्रुप बनाकर भाग निकले, लेकिन 7 घंटे के अंदर केरल और तमिलनाडु पुलिस ने डकैती के पैसों समेत फिल्मी अंदाज में गिरोह को पकड़ लिया। हरियाणा के इस गिरोह ने सबसे पहले त्रिशूर के मप्रानम के ATM से 35 लाख रुपए लूटे। इसके बाद वे शोरनूर रोड पर SBI के ATM पहुंचे, जहां से 9.5 लाख रुपए लूटे। तीसरी लूट SBI की कोलाझी ब्रांच के ATM में की। जहां से 25 लाख रुपए लूटे। हालांकि, इस दौरान लूट के पैसे लेकर भाग रहा एक आरोपी मारा गया, एक के पैर में गोली लगी है। बाकी 5 पुलिस की हिरासत में हैं। आरोपियों की गोली से 2 पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे हैरान करने वाला पहलू कंटेनर में छिपाई गई कार थी। जिसमें 2 आरोपी भी छिपकर बैठे थे। इस बारे में पुलिस को भी तब पता चला, जब वे कंटेनर को पुलिस स्टेशन ले जा रहे थे। शुक्रवार की रात 2.30 बजे से 4 बजे के बीच एक गिरोह ने केरल के त्रिशूर में मप्रानम, कोलाझी और शोरनूर के तीन ATM में डाका डाला। यहां से 70 लाख रुपए लूट लिए। इन लोगों ने ATM को गैस कटर से काटा। CCTV में चेहरा न दिखे, इसके लिए कैमरों पर स्प्रे पेंट लगा दिया। पैसे एक बैग में भरकर भाग निकले। प्लानिंग के मुताबिक 2 लोग कार में, बाकी कंटेनर में बैठकर निकल गए। त्रिशूर-कोयंबटूर हाईवे पर पहुंचकर कार को कंटेनर के अंदर छिपा दिया। त्रिशूर पुलिस ने CCTV फुटेज के आधार पर डकैतों की कार ढूंढने के लिए गाड़ियों की चेकिंग शुरू की। उन्हें राजस्थान के नंबर वाले कंटेनर पर शक हुआ। संघुगिरी टोल गेट पर बढ़ रहे कंटेनर को लेकर तमिलनाडु पुलिस को खबर दी गई। भागते हुए कंटेनर ने सन्नासियापट्टी में बाइक को टक्कर मार दी। एक कार को 250 मीटर तक घसीटा। सुबह 9 बजे पुलिस ने बताया नमक्कल के कोमारापालयम में एक कंटेनर ट्रक ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की है। पुलिस ने उसका 12 किमी तक उसका पीछा किया। सड़क पर मौजूद लोगों ने पुलिस के काफिले को कंटेनर का पीछा करता देखकर कंटेनर पर पत्थर भी फेंके। मुश्किल से कंटेनर रोक सकी। जब पुलिस ने कंटेनर की जांच की तो केबिन में 5 लोग मिले। ट्रक को जब्त करने के बाद वेप्पादाई पुलिस स्टेशन ले जाने लगे। इसी बीच उन्हें कंटेनर के अंदर से आवाजें सुनाई दीं। ट्रक रुकवाने पर उसमें 2 लोग, एक क्रेटा SUV और पैसों से भरा बैग मिला। एक शख्स ने कंटेनर चला रहे शख्स को पैसे लेकर भागने को कहा। दोनों ने पुलिस पर हमला किया। पुलिस को उन्हें भागने से रोकने के लिए गोली चलानी पड़ी। ड्राइविंग कर रहे शख्स की मौत हो गई, जबकि दूसरे आरोपी के पैर में गोली लगी। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक उदय प्रताप सिंह चौहान द्वारा कविता ऑफसेट प्रिंटर्स, एमपी नगर जोन -1 भोपाल ( म. प्र. ) से मुद्रित एवं 1209 पुष्पा नगर चांदबड़, भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक- उदय प्रताप सिंह चौहान, मो.7223003441 ( प्रति सोमवार को प्रकाशित ) समाचारों से संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं। ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। ) RNI.NO MPHIN/2015/63623